भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2965
(दिनांक 05.08.2026 को उत्तर देने के लिए)

जनसंचार अवसंरचना को मजबूत करना

2965. श्रीमती रुचि वीराः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में संचार अवसंरचना को सुदृढ़ करने और सरकारी सूचना, जन जागरूकता अभियानों और सार्वजनिक प्रसारण सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता के संबंध में कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त जिले में दूरदर्शन, आकाशवाणी, सामुदायिक रेडियो, डिजिटल मीडिया जागरूकता और जन सूचना सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या पहल की गई है;

(ग) उक्त जिले में मीडिया साक्षरता को बढ़ावा देने, गलत सूचना को रोकने और डिजिटल मीडिया के उत्तरदायी उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा कितनी वित्तीय सहायता, जागरूकता कार्यक्रम और क्षमता निर्माण सहायता प्रदान की गई है;

(घ) क्या केन्द्र सरकार ने जिले में सरकारी कल्याण योजनाओं और जन जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित किया है; और

(ङ) उक्त जिले में सार्वजनिक प्रसारण, डिजिटल संचार और मीडिया जागरूकता को सुदृढ़ करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा और क्या उपाय किए जाने का विचार है?

उत्तर
सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री
(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ङ): सूचना और प्रसारण मंत्रालय, अपनी मीडिया यूनिटों के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले सहित देश भर में सरकारी योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों संबंधी सूचना के प्रसार के लिए जनसंचार और जन-जागरूकता गतिविधियाँ संचालित करता है। मंत्रालय प्रामाणिक सूचना के प्रसार, जन-जागरूकता को बढ़ाने और लोक हित के मुद्दों पर नागरिक सहभागिता

के संवर्धन के लिए लोक प्रसारण, प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया सहित संचार के अनेक प्लेटफॉर्मों का उपयोग करता है।

दूरदर्शन 'डीडी फ्री डिश' के माध्यम से फ्री-टू-एयर 'डायरेक्ट-टू-होम' (डीटीएच) सेवाएँ प्रदान करता है, जिससे मुरादाबाद ज़िले सहित पूरे देश में बिना किसी मासिक सदस्यता शुल्क के दूरदर्शन चैनल, आकाशवाणी रेडियो चैनल, शैक्षिक चैनल और अन्य लोक प्रसारण सामग्री प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, केबल टेलीविज़न नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 के प्रावधानों के अनुसार, सभी अनिवार्य लोक प्रसारण चैनल, प्राईवेट डीटीएच ऑपरेटरों, मल्टी-सिस्टम ऑपरेटरों (एमएसओ) और स्थानीय केबल ऑपरेटरों (एलसीओ) द्वारा प्रसारित किए जाते हैं। दूरदर्शन की सामग्री, वेव्स ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म सहित दूरदर्शन के डिजिटल प्लेटफ़ॉर्मों के माध्यम से भी उपलब्ध है। मुरादाबाद ज़िले में लोक प्रसारण सेवाएँ मीडियम वेव पर आकाशवाणी रामपुर के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।

उत्तर प्रदेश के आकाशवाणी केंद्र, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जन-जागरूकता कार्यक्रमों संबंधी सूचना को, वार्ताओं, साक्षात्कारों, चर्चाओं, जिंगल्स, प्रायोजित कार्यक्रमों, जन सेवा घोषणाओं और अन्य कार्यक्रम प्रारूपों का उपयोग कर प्रसारित करने के लिए राज्य सरकार और उसकी एजेंसियों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखते हैं। आपातकालीन स्थितियों और जनहित के अन्य मामलों से संबंधित जन-जागरूकता संदेश भी इन चैनलों के माध्यम से प्रसारित किए जाते हैं।

सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम नामत: "भारत में सामुदायिक रेडियो अभियान को सहायता" के तहत सहायता दी जाती है, जिसमें उपकरणों की खरीद और प्रतिस्थापन, क्षमता निर्माण और सामुदायिक रेडियो ऑपरेटरों के प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। मंत्रालय ज्ञान के साझाकरण को प्रोत्साहित करने और सामुदायिक रेडियो इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए कार्यशालाओं, सेमिनारों और क्षेत्रीय/राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करता है। उत्तर प्रदेश में अब तक 40 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है, जिसमें मुरादाबाद का एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन भी शामिल है, जिसे वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान ₹10 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चैक यूनिट, भारत सरकार, उसके मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य केंद्रीय सरकारी संगठनों से संबंधित भ्रामक सूचनाओं का खंडन करती है जिसके लिए यह सरकारी नीतियों, योजनाओं, विनियमों और घोषणाओं से संबंधित दावों की जाँच करती है और अपनी वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, व्हाट्सएप और अन्य डिजिटल चैनलों के माध्यम से सत्यापित जानकारी प्रसारित करती है। यह यूनिट मीडिया साक्षरता को बढ़ावा देने, भ्रामक सूचनाओं का खंडन करने और नागरिकों को प्रामाणिक सरकारी

स्रोतों पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रोमोशनल वीडियो, इन्फोग्राफिक्स, स्टेटिक क्रिएटिव्स और अन्य डिजिटल सामग्री भी विकसित और प्रसारित करती है।

*****